नामांक Roll No.

No. of Questions — 23

No. of Printed Pages — 3

SS—11–2—Pol. Sc. II (D & D)

उच्च माध्यमिक (मूक-बधिर) परीक्षा, 2010

वैकल्पिक वर्ग I — कला (OPTIONAL GROUP I — Humanities)

राजनीति विज्ञान — द्वितीय पत्र

(POLITICAL SCIENCE — Second Paper)

समय : 4 $\frac{1}{4}$ घण्टे

पूर्णांक : 60

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।
2. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं । प्रश्न क्रमांक **22** व **23** में आंतरिक विकल्प हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।
4. जिस प्रश्न के एक से अधिक समान अंक वाले भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें ।
5. प्रश्न क्रमांक **2** से **5** तक अति लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं जिनके उत्तर एक पंक्ति में दीजिए ।
6. प्रश्न क्रमांक 1 के चार भाग (i), (ii), (iii) तथा (iv) हैं । प्रत्येक भाग के उत्तर के चार विकल्प **अ, ब, स** और **द** हैं । सही विकल्प का उत्तराक्षर उत्तर-पुस्तिका में निम्नानुसार तालिका बनाकर लिखें :

प्रश्न क्रमांक	सही उत्तर का क्रमाक्षर
1. (i)	
1. (ii)	
1. (iii)	
1. (iv)	

1. (i) राज्य विधानपरिषद् के सदस्यों का कार्यकाल होता है

(अ) 6 वर्ष (ब) 5 वर्ष

(स) 4 वर्ष (द) 2 वर्ष । $\frac{1}{2}$

(ii) राज्यपाल व राज्य मंत्रिपरिषद् के बीच कड़ी है

(अ) प्रधानमंत्री (ब) मुख्यमंत्री

(स) विधानसभा (द) विधानपरिषद् । $\frac{1}{2}$

(iii) भारतीय विदेश नीति की प्रमुख विशेषता है

(अ) पंचशील (ब) सैनिक संगठन

(स) गुटबंदी (द) उदासीनता । $\frac{1}{2}$

(iv) संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना की गई

(अ) 24 अक्टूबर, 1945 को

(ब) 26 जनवरी, 1950 को

(स) 29 अप्रैल, 1954 को

(द) 15 अगस्त, 1947 को । $\frac{1}{2}$

2. संविधान में अवशिष्ट शक्तियाँ किसे प्रदान की गई हैं ? $\frac{1}{2}$

3. भारत में किस संवैधानिक संशोधन द्वारा मतदान के लिए मताधिकार की आयु 18 वर्ष कर दी गई है ? $\frac{1}{2}$

4. मण्डल आयोग के प्रतिवेदन पर अन्य पिछड़ा वर्ग को कितने प्रतिशत आरक्षण प्राप्त हुआ ? $\frac{1}{2}$

5. उत्तरांचल राज्य का गठन कब हुआ ? $\frac{1}{2}$

नोट : प्रश्न संख्या **6** से **11** तक प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम **30** शब्दों में दीजिए ।

6. भारत में संघीय प्रणाली अपनाने के कोई **दो** कारण बतलाइए । $\frac{3}{4} + \frac{3}{4} = 1\frac{1}{2}$

7. भारत में अप्रत्यक्ष निर्वाचन के **दो** गुण बतलाइए । $\frac{3}{4} + \frac{3}{4} = 1\frac{1}{2}$

8. योजना आयोग की कोई **दो** उपलब्धियाँ बतलाइए । $\frac{3}{4} + \frac{3}{4} = 1\frac{1}{2}$

9. भारत–बंग्लादेश के मध्य विवाद के किन्हीं **दो** कारणों का वर्णन कीजिए । $\frac{3}{4} + \frac{3}{4} = 1\frac{1}{2}$

10. लाहौर घोषणा के किन्हीं **दो** बिन्दुओं को बतलाइए । $\frac{3}{4} + \frac{3}{4} = 1\frac{1}{2}$

11. राजनीतिक अपराधीकरण के कोई **दो** दुष्प्रभावों का उल्लेख कीजिए । $\frac{3}{4} + \frac{3}{4} = 1\frac{1}{2}$

नोट : प्रश्न संख्या **12** से **21** तक प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक न हो ।

12. भारतीय संविधान की किन्हीं **तीन** विशेषताओं का वर्णन करें । 1 + 1 + 1 = 3

13. भारत में न्यायपालिका की स्वतन्त्रता बनाए रखने के लिए किन्हीं **तीन** व्यवस्थाओं का उल्लेख कीजिए । 1 + 1 + 1 = 3

14. विधानसभा की किन्हीं **तीन** शक्तियों का उल्लेख कीजिए । 1 + 1 + 1 = 3

15. राज्यपाल की किन्हीं **तीन** स्वविवेक शक्तियों को बतलाइए । 1 + 1 + 1 = 3

16. वयस्क मताधिकार के पक्ष में कोई **तीन** तर्क दीजिए । 1 + 1 + 1 = 3

17. निर्वाचन आयोग के किन्हीं **तीन** कार्यों का वर्णन करें । 1 + 1 + 1 = 3

18. राष्ट्रीय विकास परिषद् के **तीन** कार्य बतलाइए । 1 + 1 + 1 = 3

19. महिला आरक्षण के पक्ष में तीन तर्क दीजिए । 1 + 1 + 1 = 3

20. भारतीय विदेश नीति की किन्हीं **तीन** विशेषताओं का वर्णन करें । 1 + 1 + 1 = 3

21. संयुक्त राष्ट्र संघ एवं विश्व शांति में भारत की भूमिका के **तीन** बिन्दुओं को समझाइए । 1 + 1 + 1 = 3

नोट : प्रश्न संख्या **22** व **23** के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **150** शब्दों में दीजिए ।

22. मंत्रिपरिषद् की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । 9

अथवा

राष्ट्रपति की आपातकालीन शक्तियों की समीक्षा कीजिए ।

23. भारत में साम्प्रदायिकता के लिए उत्तरदायी कारणों का विवेचन कीजिए । 8

अथवा

भारत में आतंकवाद के कारणों का वर्णन करें ।